## सार-समाचार

### सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ शपथ ली

**गंगापुर सिटी** । जिला जाटव समाज सुधार समिति 360 गांव का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को जाटव बगीची, जहांनाबाद में हुआ। इस अवसर पर नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई और समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से तीये की बैठक और मृत्युभोज पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा लगन, भात, सिक्का और गोद भराई जैसे आयोजनों में अनावश्यक कपड़ों के लेन-देन पर रोक लगाई जाएगी। अब केवल माता-पिता, सगे भाई-बहन और दादा-दादी के लिए ही कपड़े लाए जाएंगे, जबकि अन्य रिश्तेदारों का सम्मान नकद राशि देकर किया जाएगा। शराब के ठेकों का विरोध करने का संकल्प समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से जाटव बस्तियों में अवैध शराब के ठेकों का विरोध करने का संकल्प लिया गया। साथ ही पंचायत और सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीकर आने पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय हुआ। जुआ और सट्टा जैसी सामाजिक बुराइयों को भी समाप्त करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रमों में फिजूलखर्ची रोकने के लिए लिलहारी कार्यक्रम में अधिकतम 5 और गोद भराई में 11 लोगों की उपस्थिति तय की गई। समारोह में वक्ताओं ने पंच-पटेलों और समाज के बुद्धिजीवियों से सामूहिक विवाह सम्मेलनों को बढ़ावा देने तथा फिजूलखर्ची रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने की अपील की। ग्रामीणों ने इन निर्णयों का स्वागत करते हुए कहा कि सामाजिक कुरीतियों के कारण कई परिवार आर्थिक बोझ तले दब जाते हैं, ऐसे में ये नए नियम समाज के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे। समिति पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि समाज द्वारा बनाए गए नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध सामाजिक स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला जाटव समाज 360 गांव के अध्यक्ष हट्टीराम ठेकेदार ने की, जबकि राष्ट्रीय शराबबंदी आंदोलन के राष्ट्रीय महासचिव हरज्ञान सिंह मुख्य अतिथि रहे। समारोह में हिंडौन तहसील अध्यक्ष बबलू चौरसिया, राधेश्याम दैवत, जगमोहन, नेमीचंद, मदन मोहन, गोपाल सिंह फौजी, वीर सिंह बनकी, शिवचरण, चंद्रभान, दरबसिंह, पिंटू बनकी, छुट्टन लाल, रामभजन जहाँनाबाद, वीरसिंह खेड़िया, दिनेश इरनिया, धर्मसिंह बिनेगा, बहादुर, बनेसिंह, राजकुमार, रमनलाल, प्रेम, प्यारेलाल, सुबुद्धि, पुरन, साहबसिंह, राधेश्याम और भूरा सहित तहसील स्तरीय कार्यकारिणी सदस्य, पंच-पटेल, ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

### 6 अवैध नल कनेक्शन काटे

**गंगापुर सिटी** । जलदाय विभाग ने रविवार को अवैध जल कनेक्शनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान अधिशासी अभियंता रामकेश मीणा के निर्देश पर कनिष्ठ अभियंता बलराम मीणा की मौजूदगी में उदेई मोड़ के पास लाटा गली क्षेत्र में मुख्य वितरण पाइपलाइन से लिए गए 6 अवैध जल संबंध काटे गए। विभाग ने क्षेत्रवासियों को चेतावनी दी है कि भविष्य में दोबारा अवैध जल कनेक्शन करते पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और नियमानुसार जुर्माना भी वसूला जाएगा। जलदाय विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि गंगापुर सिटी जल योजना क्षेत्र में यदि कोई अनधिकृत प्लंबर अवैध कनेक्शन करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जलदाय विभाग के अनुसार गर्मी के मौसम में अंतिम छोर तक के उपभोक्ताओं को पर्याप्त दबाव के साथ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगातार निगरानी और सुधार कार्य किए जा रहे हैं। यह अभियान पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने और अवैध जल कनेक्शनों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाया गया। अभियान के दौरान ऐसे पुराने अवैध जल संबंध भी बंद कराए गए जो गंदी नालियों में टूटे हुए थे। इन कनेक्शनों से पेयजल के प्रदूषित होने की आशंका बनी रहती थी। विभाग का कहना है कि शुद्ध और सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### गुर्जर बने वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष

**हिण्डौनसिटी।** समाज एवं संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए युवा गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव लोकेश गुर्जर ने राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की है। प्रदेश कार्यकारिणी में हिण्डौन निवासी श्रीभान सिंह गुर्जर एडवोकेट को वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनके अलावा अभयवीर बैंसला व रौंसी निवासी हरवीर सिंह को सचिव बनाया गया है। श्रीभान सिंह ने बताया कि उन्हें पद दायित्व सौंपने के साथ ही संगठन एवं समाज हित में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि कार्यकारिणी में महावीर दोई को प्रदेश अध्यक्ष, संतलाल भेडी को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, दो वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, सात उपाध्यक्ष, दो प्रदेश महामंत्री, दो मीडिया प्रभारी, कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष, कार्यालय प्रभारी, सह कार्यालय प्रभारी के अलावा पन्द्रह प्रदेश सचिव नियुक्त किए गए हैं। इधर श्रीभान सिंह, अभयवीर व हरवीर सिंह की नियुक्ति पर करौली जिलाध्यक्ष गौरव बैंसला सहित गुर्जर समाज के लोगों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव का आभार जताया है। उल्लेखनीय है कि श्रीभान सिंह पहले इस संगठन में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे थे।

### संतोष शर्मा जिला महामंत्री नियुक्त

**भरतपुर** (निस)। सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ की कल एक मीटिंग का आयोजन जिलाध्यक्ष निवास मुखर्जी नगर पर हुआ। जिलाध्यक्ष डॉ ममता शर्मा तथा पूर्व गठित कार्यकारणी ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संतोष शर्मा को जिला महामंत्री पद का दायित्व दिया है।संतोष जी ने अपने पद और कर्तव्य का पूर्ण निष्ठा और समर्पण से कार्य करने का संकल्प लिया है। जिलाध्यक्ष डॉ. ममता शर्मा ने सभी कार्यकारणी से मजबूती ,एकता और संपर्पण की भावना से एकजुट होकर अपने समाज के लिए कुछ करने का निश्चय किया। राधा भारद्वाज, मीरा शर्मा, क्षमा कटारा, हेमवती शर्मा, रचना शर्मा, शिवांगी शर्मा, पूनम शर्मा, ममता आदर्श मधुकर, शशि शर्मा, रेखा शर्मा, डॉ रंजना शर्मा, निधि शर्मा, कविता शर्मा, राजकुमारी शर्मा आदि महिला कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए ।

### संगठन को सशक्त बनाने का सुझाव

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर संभाग संरक्षक श्याम सिंह जघीना की अध्यक्षता में जिला इकाई भरतपुर द्वारा संगठनात्मक बैठक का सफल आयोजन सरस्वती आईटीआई कालेज अनिरूद्ध नगर में किया गया। जिलाध्यक्ष विजय पूनियां ने बताया कि बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी कार्यक्रमों तथा समाज हित से जुडे विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने हेतु अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किये। बैठक में नैम सिंह फौजदार रिटायर्ड एसडीआई, नरेन्द्र फौजदार रिटायर्ड प्रधानाचार्य, लोकेश चौधरी, राकेश मदेरणा, कमल सिंह इन्दौलिया, विजय पूनियां, सज्जन सिंह, लेखराज पूनियां, मनीषा चौधरी, योगेश चौधरी, रसाल सिंह, जयपाल चौधरी, भरत सिंह फौजदार, गजेन्द्र चौधरी, देवेन्द्र फौजदार, पूरण सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, यादवेन्द्र सिंह, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### अंशुल डंगायच अध्यक्ष बने

**गंगापुर सिटी** । खण्डेलवाल वैश्य समाज समिति की इकाई खण्डेलवाल युवा परिषद (वर्ष 2026-27) के अध्यक्ष पद पर अंशुल डंगायच, मंत्री पद पर जयप्रकाश डांस तथा कोषाध्यक्ष पद पर विशाल डांस के निर्विरोध निर्वाचित होने पर समाज के प्रबुध जनो ने बधाई एवं शुभकामनाऐं दी है। खण्डेलवाल वैश्य समाज समिति के अध्यक्ष कैलाश खूंटेटा नई युवा टीम को समाज हित में कार्य करने का आहवाहन करते हुए सबका साथ सबका विकास की अवधारणा को अपनाने की अपील की। उन्होने कहा कि आपका यह कदम समाज में युवाओं की सहभागिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ संगठन को नई ऊर्जा एवं नई दिशा प्रदान करेगा। चुनाव अधिकारी दिनेश डांस एडवोकेट एवं शंकर रावत को जिन्होंने संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न करवाया। नव निर्वाचित पदाधिकारियो का समाज अध्यक्ष कैलाश खुटेटा व समाज समिति कार्यकारिणी ने माला पहना कर अभिनंदन किया।

### छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया शुरू

**करौली।** चूना पत्थर, डोलोमाइट, अभ्रक, लौह, मैंगनीज एवं क्रोम अयस्क खदानों तथा बीड़ी श्रमिकों के बच्चों के लिए शैक्षिणक सत्र 2026-27 हेतु छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया 1 जून 2026 से प्रारंभ हो गई है। यह छात्रवृत्ति कक्षा 1 एवं उससे ऊपर की कक्षाओं में नियमित अध्ययनरत विद्यार्थियों को दी जाएगी। बीड़ी श्रमिक कल्याण चिकित्सालय करौली के फार्मेसी ऑफिसर बत्ती लाल मीना ने बताया कि इस वर्ष भी छात्रवृत्ति के लिए सभी आवेदन नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किए जाएंगे। इसके लिए विद्यार्थी के माता-पिता में से कोई एक बीड़ी श्रमिक या खनन क्षेत्र (चूना पत्थर, डोलोमाइट, लौह, मैंगनीज, क्रोम अयस्क) में कार्यरत होना आवश्यक है।

# महंगाई, बेरोजगारी व नीट पेपर लीक को लेकर कांग्रेस का विरोध

**भरतपुर** (निस)। जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग भरतपुर की संगठनात्मक बैठक नीट पेपर लीक, पेट्रोल, डीजल की दरों में बढ़ोतरी, बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी आदि चर्चा के लिए भरतपुर संभाग के प्रभारी बृजभूषण सिंह जाटव के मुख्य आतिथ्य में एवं जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार जाटव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अजा विभाग के प्रदेश महासचिव विजेन्द्र जाटव एवं सचिव व प्रभारी कमलेश जाटव रहीं। मुख्य अतिथि बृजभूषण सिंह जाटव ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा की राज्य एवं केन्द्र की सरकार महंगाई दरों को बहुत पीछे कर दिया है, छात्र, किसान, मजदूर, बेरोजगार एवं अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम में निर्भय सिंह कुन्देर, सूरज सिंह, अमित भुसावर, भुवनेश, मानसिंह थानेदार, रामदयाल, देवकीनंदन, जगन्नाथ, सोहनलाल, रमेश एक्टा, शिव कुमार, सुम्मेर सिंह, महाराज सिंह ठेकेदार, रामस्वरूप भंडारी, राजकमल दिवाकर,सुनील कुमार, राजेन्द्र वर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए, कार्यक्रम का संचालन इंजी. विजय सिंह ने किया।



भरतपुर में अनुसूचित जाति कांग्रेस की बैठक अजा विभाग के प्रदेश महासचिव विजेन्द्र जाटव के विशिष्ट अतिथ्य में हुई।

## गौशाला में डलवाया 14 हजार रुपये का हरा चारा

**भरतपुर** । भरतपुर में शनिवार को गढ़ी सामल दास गौशाला में श्रीनाथ गौ सेवा एवं जीव सेवा मंडल इंदिरा नगर एवं जसवंत नगर के माध्यम से 14 हजार रुपए में एक ट्राली हरा चारा डलवाया गया है। मीडिया प्रभारी हरि नारायण शर्मा ने बताया है कि यह भरतपुर का एक ऐसा गौ सेवा एवं जीव सेवा मंडल है जो घर-घर जाकर समाज के मांगलिक अवसरों पर सुंदरकांड और कीर्तन संध्या का आयोजन कर स्वेच्छा से प्राप्त दान स्वरूप धनराशि को गायों की सेवा, असहाय जीवो की सेवा जैसे गायों को चारा, कुत्ते और बंदरों को रोटी, चिड़ियों को दाना एवं चीटियों को आटा डालने का काम करता रहता है। यह मंडल अपना समय और अपना पेट्रोल खर्च करके इन कार्यों को करता रहता है। समाज का कोई भी व्यक्ति जन्मदिन पर, जॉइनिंग पर, रिटायरमेंट पर, शादी की सालगिरह पर और किसी भी मांगलिक कार्यक्रमों में इस मंडल का उपयोग किया जा सकता है। यह मंडल इन कार्यों के लिए किसी भी प्रकार की धनराशि की डिमांड नहीं करता है केवल स्वेच्छा से प्राप्त धनराशि को भी दान स्वरूप प्राप्त करता है। मौके पर मंडल संचालक हेमेंद्र भारद्वाज मोरध्वज डागोर, विजय सिंघल एवं शिक्षाविद धर्म सिंह शर्मा उपस्थित थे।

## योग से स्वस्थ रहने का संदेश

- भरतपुर में 21 दिवसीय सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर शुरु
- विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में मुख्य संयोजक एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य वीरीसिंह कुंतल के नेतृत्व में प्रातः 5 से 7 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया
- प्रशिक्षण के बाद हरिद्वार से प्रमाण पत्र दिया जावेगा।

**भरतपुर** (निस)। पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के निर्देशन में राज्य स्तरीय 21 दिवसीय सह-योगशिक्षक प्रशिक्षण शिविर 7 जून से सभी जिलों के साथ भरतपुर में विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में मुख्य संयोजक एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य वीरीसिंह कुंतल के नेतृत्व में प्रातः 5 से 7 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर के नोडल प्रभारी पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी गंगोसिंह के द्वारा रजिस्टेशन एवं शिविर प्रबन्धन का कार्य किया जा रहा है। सैद्धान्तिक प्रशिक्षण सांय को 6 से 7 बजे तक ऑनलाइन पतंजलि योग समिति के राज्य अभिभावक कुलभूषण वैराठी एवं राज्य प्रभारी पवन कुमार सैनी एवं उनकी टीम के द्वारा 28 जून तक दिया जावेगा। प्रशिक्षण के बाद हरिद्वार से प्रमाण पत्र दिया जावेगा। मुख्य संयोजक कुंतल के द्वारा प्रशिक्षण शिविर में मोटापा, डायविटीज, बीपी एवं थायराइड, कमर दर्द, घुटनों के दर्द, प्रोटेस्ट, हार्ट की प्रॉब्लम, गैस, कब्ज, पेट की समस्या से मुक्ति दिलाने एवं रोगों से बचाव के उपाय से संबंधित प्राणायाम भस्त्रिका, कपालभांति, अनुलोम विलोम, आसन, योगिंग, जोगिंग, त्रिकोणासन, भुजंगासन, पदमासन, वक्रासन, पवन मुक्तासन, उन्तान पादासन कराये गये तथा योग साधकों को बताया कि नियमित योग को जीवन में धारण करने से आहार पर नियंत्रण करने से सौ परसेंट गारंटी हैं कि हम पूरी तरह स्वस्थ्य रहकर सुखी जीवन जी सकते हैं। नियमित योग से इन्द्रियों एवं आहार पर नियंत्रण होता है तथा इम्यूनिटी पावर बढती है, आत्मिक बल बुद्धि का विकास होता है। प्रशिक्षण के दौरान गंगो सिंह, ओमवीर सिंह, हीरासिंह आर्य, उत्तम सिंह, जलसिंह फौजदार, प्रकाश चंद शर्मा, सत्यदेव आर्य, संतोष अग्रवाल, राजवीर सिंह, चंदर सिंह, मंजू मित्तल, रेनू आर्य, राजबाला, लक्ष्मी चाहर, रेनू सिंघल, किशन सिंह, मयंक सिंह, दिग्विजय सिंह, अजय कुमार, विवेक सिंह, मनीराम, मन्टो देवी आदि उपस्थित रहे।

## शिविर में 500 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

**गंगापुर सिटी** । स्थानीय नहर रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर, धनवन्तरी नगर में रविवार को एक निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गंगापुर सिटी और आसपास के क्षेत्रों से आए लगभग 500 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। विशेषज्ञ चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की एक टीम ने इन लोगों की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जांचें कीं और आवश्यक परामर्श प्रदान किया। शिविर में शुगर, लिपिड प्रोफाइल, थायराइड, कैल्शियम, सीबीसी, यूरिक एसिड, ब्लड प्रेशर, वजन और नेत्र जांच सहित कई परीक्षण निःशुल्क किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे शिविरों का आयोजन समय की आवश्यकता है। भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष आर्यन शर्मा मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. हेमंत शर्मा, जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ. विजेंद्र गुप्ता, रेनू आर्य, राधा मोहन गोयल और विजय गोयल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## घरेलू गैस सिलेंडर 29 रुपए महंगा

**गंगापुर सिटी** । घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 29 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। केंद्र सरकार के इस फैसले के बाद, नई दरें रविवार रात 12 बजे से लागू हो गई हैं। अब गंगापुर सिटी में घरेलू गैस सिलेंडर 929.50 रुपए के बजाय 958.50 रुपए में मिलेगा। पिछले तीन महीनों में घरेलू गैस सिलेंडर पर यह दूसरी बढ़ोतरी है। इससे पहले 7 मार्च को सिलेंडर के दाम में 60 रुपए की वृद्धि की गई थी। इस प्रकार, तीन माह में घरेलू गैस सिलेंडर कुल 89 रुपए महंगा हो चुका है। सूत्रों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और मध्य-पूर्व क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण गैस आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है। इसी के मद्देनजर, केंद्र सरकार ने ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। गंगापुर सिटी में घरेलू गैस की आपूर्ति मुख्य रूप से इंडेन गैस की जेके एंटरप्राइजेज और एचपी गैस एजेंसी के माध्यम से होती है। इंडेन गैस के लगभग 25 हजार और एचपी गैस के करीब 15 हजार उपभोक्ता हैं। इस प्रकार, शहर में कुल लगभग 40 हजार एलपीजी उपभोक्ता हैं। सिलेंडर पर 29 रुपए की वृद्धि से शहर के 40 हजार उपभोक्ताओं पर करीब 11.60 लाख रुपए का अतिरिक्त आर्थिक भार पडेगा।

## बहुजन समाज पार्टी की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

- पंचायत स्तर तक संगठन मजबूत कर आगामी चुनावों की तैयारी का आव्हान
- प्रदेश अध्यक्ष सुमरत सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बसपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करना होगा।

**हिंडौन सिटी** । बहुजन समाज पार्टी की ओर से रविवार को तहसील सूरौठ के शेरपुर स्थित अंबेडकर पार्क में विधानसभा करौली एवं पंचायत समिति शेरपुर-सूरौठ क्षेत्र का एक दिवसीय संगठन समीक्षा एवं कैडर कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक पार्टी विस्तार, सदस्यता अभियान तथा आगामी चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसपा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सुमरत सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बसपा जिला अध्यक्ष दौलत सिंह जाटव ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सुरेश धर्मपुरा एवं अशोक नीलायुग उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष सुमरत सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बहुजन समाज पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा समाज के सभी वर्गों को जोड़ने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बसपा को मजबूत बनाने के लिए पंचायत स्तर से संगठन को सशक्त करना आवश्यक है तथा आगामी पंचायत चुनावों में अधिकाधिक बसपा समर्थित जनप्रतिनिधियों को विजयी बनाना होगा। बैठक के दौरान संगठनात्मक समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से क्षेत्रवार रिपोर्ट ली गई तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया।

वक्ताओं ने बसपा संस्थापक कांशीराम तथा बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर कई कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई तथा संगठनात्मक दायित्व सौंपे गए। ओमप्रकाश पैटोली को विधानसभा अध्यक्ष करौली, लाखन सिंह जाटव को पंचायत समिति शेरपुर प्रभारी, विक्रम सिंह डांगुर को पंचायत समिति शेरपुर अध्यक्ष तथा अभिषेक डांगुर को सेक्टर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सभी नियुक्तियां प्रदेश अध्यक्ष सुमरत सिंह द्वारा प्रदान की गईं। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह जाटव, सुरेश देवतवाल, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार सैनी, संतोष ठेकेदार, भजनलाल धंधावली, संतोष कुमार बंसीवाल, राजवीर सिंह बंसीवाल, राम सिंह सूरौठ, कमल बैरवा सहित जिला एवं विधानसभा स्तरीय पदाधिकारी तथा सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने, सदस्यता अभियान को गति देने तथा आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा

**गंगापुर सिटी** । समीपवर्ती उदेई कलां स्थित बालाजी महाराज मंदिर परिसर में भाजपा ग्रामीण मंडल की संगठनात्मक बैठक हुई।

गंगापुर सिटी । समीपवर्ती उदेई कलां स्थित बालाजी महाराज मंदिर परिसर में भाजपा ग्रामीण मंडल की संगठनात्मक बैठक हुई। इस बैठक में केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में विकास, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला मोर्चा प्रभारी जमनालाल वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि जिला संयोजक श्मन की बातश डॉ. हेमंत शर्मा मुख्य वक्ता थे। बैठक की अध्यक्षता पूर्व उपप्रधान बजरंग लाल मीणा ने की। मुख्य वक्ता डॉ. हेमंत शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जनधन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया, हर घर जल, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी प्रमुख योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से देश के विकास को नई दिशा मिली है और समाज के सभी वर्गों तक लाभ पहुंचा है। शर्मा ने कार्यकर्ताओं से सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि जमनालाल वैष्णव ने कहा कि भाजपा सरकार ने विकास, सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर योजनाओं की जानकारी देने और पात्र लोगों को उनका लाभ दिलाने में सहयोग करने की अपील की। बैठक में ष्एक पेड़ मां के नामष और ष्वंदे गंगा अभियानष पर भी विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और इन अभियानों को जन आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। इसके अलावा सामाजिक प्रवास के माध्यम से आमजन से संवाद बढ़ाने पर भी बल दिया गया। बैठक के अंत में अध्यक्षता कर रहे बजरंग लाल मीणा ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।



गंगापुर सिटी में भाजपा की ग्रामीण मण्डल की बैठक में सरकारी योजनाओं पर चर्चा की ।

## सार-समाचार

### कैमरी में राजेश पायलट की प्रतिमा का अनावरण 10 को



**कैमरी** । आगामी 10 जून को करौली जिले के सकरघटा चामुंडा माता मंदिर परिसर में किसान नेता राजेश पायलट की प्रतिमा अनावरण व किसान सम्मेलन को लेकर रविवार को जगदीश धाम कैमरी में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एआईसीसी महासचिव व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के मुख्यातिथि के कार्यक्रम को सफल बनाने तथा क्षेत्र से अधिकाधिक संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई । बैठक का आयोजन श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट कैमरी व बारह गांव खटाना परिवार के पंच-पटेलों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसकी अध्यक्षता जगदीश मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष घनश्याम खटाना ने की । इस दौरान समाजजनों, युवाओं व वरिष्ठ नागरिकों ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना कैमरी ने कहा कि राजेश पायलट किसानों, युवाओं और आमजन की आवाज थे। उनके संघर्ष, जनसेवा और किसान हितैषी विचार आज भी प्रेरणा का स्त्रोत हैं। सकरघटा में उनकी प्रतिमा का अनावरण होना क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। साथ ही पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट के किसान सम्मेलन में किसानों की समस्याओं, कृषि विकास और ग्रामीण उत्थान से जड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा होगी। जगदीश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष घनश्याम खटाना ने बताया कि कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। युवाओं की अलग-अलग टीमों का गठन कर कार्यक्रम की तैयारियों एवं सहभागिता को लेकर जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। इस अवसर पर श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी अध्यक्ष घनश्याम खटाना, सचिव रामविलास धमाडी सहित पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना, दयाराम ठेकेदार, मुरारीलाल नेताजी, हँसराज सरपंच, बड़ागांव सरपंच प्रतिनिधि रामनरेश खटाना, मेढ़े का पूरा सरपंच प्रतिनिधि कप्तानसिंह, एनएसयूआई जिला महासचिव भूपेन्द्र खटाना अधैत, कांठोस ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश खटाना तेसगांव, साहबसिंह मेहते का पूरा, राजबहादुर बड़ागांव, भुरया धमाडी, भरोसी बाढ सहित बारह गांव खटाना परिवार के पंच-पटेल, समाज के गणमान्य नागरिक, युवा प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।

### पंडित बस्ती में पेयजल संकट गहराय

**भुसावर भरतपुर** (निस)। उपखंड के अधीन ग्राम सैंधली, नगला सैंधली, लाखा वाली ढाणी, पंडित बस्ती, चांवड बस्ती में भीषण संकट व्याप्त है। पूर्व सरपंच सतीश पांडे के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव व अतिरिक्त मुख्य सचिव से अलग-अलग भेंट कर ज्ञापन देकर ग्राम सैंधली, नगला सैंधली, लाखा वाली ढाणी, पंडित बस्ती, जाट बस्ती सहित नयागांव, दयापुर, सैंधली अंचल में पेयजल समस्या की पुरजोर मांग रखी है। ग़ौरतलब रहे कि राज्य के मुख्य सचिव ने ग्राम सेंधली, नगला सैंधली, लाखा वाली ढाणी, पंडित बस्ती, चांवड बस्ती, ग्राम नयागांव व दयापुर के पेयजल समस्या को गंभीरता से समझते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के आला अफसरों को मेटर रजिस्टर्ड ऑन पी.एल.एस. पोर्टल लेटर नंबर 8084 दिनांक 21 मई 2026 के पिंक वॉल लेटर के तहत कार्यवाही के आदेश निर्देश प्रदान किए हैं। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व सरपंच सतीश पांडे के अलावा चिरमोली सैनी, सरलेश कुमारी, सरपंच मंजू उदय सिंह, दिलीप मीणा, दिलीप निठार, दिलीप सैनी, रमेश सैनी, मंजू परमसुख कोली, रविंद्र सिंह, पंडित सुरेश सैंधली, गोविंद शर्मा, भूपेंद्र शर्मा खेरली ब्राह्मण, मुकेश शर्मा, प्रेमचंद शर्मा शहजादपुरा सहित अनेक विभिन्न संगठनों से कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सीएम के नाम ज्ञापन आज देंगे

**गंगापुर सिटी** । जिला अग्रवाल समाज सवाईमाधोपुर के आहवाहन पर सोमवार को सभी तहसील मुख्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा जायेगा। जिलाध्यक्ष गोविन्द बरनाला ने बताया कि जयपुर प्रताप नगर निवासी मनीष गर्ग की बेटी वंशिका की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत पर सम्पूर्ण जिला सवाईमाधोपुर के अग्रवाल बन्धुओं में गहरा रोष व्याप्त है। स्थानीय थाने में दर्ज मुकदमे के पश्चात् भी पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं करना अपराधियों को संरक्षण देता है। जिला सवाई माधोपुर जिलाध्यक्ष गोविंद बरनाला ने बताया कि आज सोमवार को सुबह 10 बजे जिले की सभी तहसीलों पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जायेगा। गंगापुर सिटी अग्रवाल समाज अध्यक्ष मोहन कुनकटा, दुर्लभ गोयल, लक्ष्मी मिर्जापुर ने अग्रवाल समाज के सभी बन्धुओं को आह्वान किया है कि सोमवार को सुबह 10 बजे सीताराम जी मंदिर पुरानी अनाज मंडी पर एकत्रित होकर उप जिला कलेक्टर गंगापुर सिटी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर बेटी वंशिका को न्याय व अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की जायेगी। उन्होने अग्रवाल समाज के सभी बन्धुओ से अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित होकर समाज की एकता दिखा कर पीडित परिवार को न्याय दिलाने में सहयोग करने की मांग की है।

### अवैध क्लिनिक संचालकों में हडकंप

**करौली** । झोलाछाप और नीम हकीमों के खिलाफ ब्लॉक स्तरीय दल सपोटरा द्वारा कार्रवाई की गई, जिससे अवैध क्लिनिक संचालकों में हडकंप मच गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सतीश चंद मीणा ने बताया कि टीम ने बगीदा में फतेह सिंह क्लिनिक ऋषिकेश क्लिनिक अडूदा और छोटू क्लिनिक हाडोती सीज की और 8 झोलाछाप व नीम हकीमों के ठिकानों पर नोटिस चस्पा किया। टीम ने 2 मेडिकल स्टोर को रजिस्ट्रेशन संबंधी दस्तावेज के लिए नोटिस प्रदान किये।


**पश्चिम मध्य रेल**

ई. निविदा सूचना, सिविल इन्जीनियरिंग, संख्या-डब्ल्यू/623/15
दिनांक : 05.06.2026

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई.निविदा आमत्रित करते है। **टेंडर सख्याँ** : 98/2026 आर, **कार्य का विवरण** : कोटा ड़िवीजन : क्लिनिग ऑफ मेनहोल, इन्सपेक्शन चेम्बर, ड्ग वेल, सेप्टिक टेंक, एण्ड सिवेज लाइन इन रेलवे कॉलोनी एण्ड ईएलएस टीकेड़ी एट तुगलकाबाद फॉर 03 ईयरस., **अनुमानित लागत** : 848667.77 , **बयाना राशि** : 17000.00, **टेंडर सख्याँ** : **99/2026, कार्य का विवरण** : किलिंनिग ऑफ मेनहोल, इन्सपेक्शन चेम्बर, सेटिक टेंक, एण्ड सिवेज लाइन ऑफ भरतपुर रेलवे कॉलोनी., **अनुमानित लागत** : 1892269.16 , **बयाना राशि** : 37900.00, **टेंडर सख्याँ** : 100/2026 आर, **कार्य का विवरण** : कोटा डिवीजन :- बैलेंस वर्क ऑफ प्रोविजन ऑफ एस एण्ड टी सर्विस बिल्डिंग -आईपीएस रूमस एण्ड बैंटरी रूमस इन लियू ऑफ पोरटा केबिन फोर एन्हेंसिंग्न सेफ्टी इन सिगनलिंग एट विक्रमगढ़ अलोट, इन्दरगढ़ सुमेरगंजमंडी, आमली, कुशतला, सवाईमाधोपुर ड़ी, हिण्डौनसिटी, धौरमुई जघीना एण्ड मुरेसी रामपुर (08 न. स्टेशन), **अनुमानित लागत** : 5062371.74 , **बयाना राशि** : 101300.00, **टेंडर सख्याँ** : 101/2026, **कार्य का विवरण** : प्रोवाइड़िग वोरवेल एण्ड् सम्प केपेसिटी 1000000 लीटर एण्ड पम्प हाउस एट लाखेरी स्टेशन इन एडीईएन सवाई माधोपुर जूरिस्डिक्शन., **अनुमानित लागत** : 7854711.07, **बयाना राशि** : 157100.00, **टेंडर सख्याँ** : 102/2026 **कार्य का विवरण** : कोटा दृनागदा सेक्शन - रिप्लेंसमेंट ऑफ ओल्ड / डिलापिडेटेड़ टाइप-II क्वार्टरस. (8 यूनिट) इन एडीईएन / शामगढ़ एण्ड एडीईएन/रामगंजमंडी सेक्शन., **अनुमानित लागत** : 17848341.49, **बयाना राशि** : 357000.00, **टेंडर सख्याँ** : 103/2026, **कार्य का विवरण** : प्रोविजन ऑफ आरसीसी ओएच टैंक केपेसिटी 225000 लीटर इन रिप्लेंसमेंट ऑफ आरसीसी ओएच टैंक एट फिल्टर नम्बर, 1 ऑफ कोटा, **अनुमानित लागत** : 10191065.87, **बयाना राशि** : 203800.00, **टेंडर सख्यॉ** : 104/2026, **कार्य का विवरण** : कोटा डिवीजन : रिपेर्यस एण्ड एनुअल मेंटेनेन्स ऑफ 06 नम्बरस आटोमेटेड़ वाटर लेवल गेंज अण्डर दि जूरिस्डिक्शन ऑफ एडीईएन / शामगढ़, एडीईएन/गंगापुरसिटी, एण्ड एडीईएन / बारा (फोर 3 ईयरस)., **अनुमानित लागत** : 4473000.00, **बयाना राशि** : 89500.00, **टेंडर सख्याँ** : 105/2026, **कार्य का विवरण** : रिनोवेशन ऑफ न्यू रनिंग रूम हैविंग केपेसिटी ऑफ 20 बेडस एट बयाना अलौंगविद क्रयू लॉंवी विद प्रोविजन ऑफ मोडूलर फर्नीचर., **अनुमानित लागत** : 5313868.25, **बयाना राशि** : 106300.00, **सभी टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय** : 24.06.2026 को 15.30 घंटे पर. पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई.निविदा में तथा वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय की कार्यलेखा 'शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

हस्ता.
वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय), पश्चिम मध्य रेल, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर